भारत सरकार
परमाणु ऊर्जा विभाग
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-1922
उत्तर दिनांक 12/12/2024 को दिया गया

परमाणु ऊर्जा संयंत्र

1922. श्री आर. गिरिराजन

क्या प्रधानमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :-

(क) देश में प्रत्येक परमाणु या नाभिकीय ऊर्जा संयंत्र में कार्यरत सभी कर्मचारियों का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या इन सभी नाभिकीय ऊर्जा संयंत्रों में कर्मचारियों के लिए निर्धारित मानक संचालन प्रक्रियाओं के अनुपालन का अध्ययन करने के लिए कोई जांच और निगरानी प्रणाली विद्यमान है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) नाभिकीय ऊर्जा संयंत्रों जैसे संवेदनशील प्रतिष्ठानों में चल रही परियोजनाओं की कुल संख्या और उनमें शामिल संविदा कर्मचारियों की कुल संख्या कितनी है; और

(ङ) देश में नाभिकीय ऊर्जा संयंत्रों के कर्मचारियों को सुरक्षा और कार्य के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करने के लिए क्या प्रभावी उपाय किए गए हैं?

उत्तर

राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधानमंत्री कार्यालय (डॉ. जितेंद्र सिंह)

(क) देश में नाभिकीय विद्युत संयंत्रों में स्थायी कर्मचारियों की कुल संख्या का विवरण निम्नानुसार है:

स्थान	एनपीसीआईएल के कर्मचारियों की संख्या
मुख्यालय, मुंबई	1676
टीएपीएस - 1 से 4, तारापुर, महाराष्ट्र	1273
आरएपीएस - 1 से 8, रावतभाटा, राजस्थान	2368
केजीएस - 1 से 6, कैगा, कर्नाटक	1325
एमएपीएस - 1 व 2, कल्पाक्कम, तमिलनाडु	614
एनएपीएस - 1 व 2, नरौरा, उत्तर प्रदेश	675
केएपीएस - 1 से 4, काकरापार, गुजरात	1271
केकेएनपीपी - 1 से 6, कुड़नकुलम, तमिलनाडु	1291
जीएचएवीपी - 1 व 2, गोरखपुर, हरियाणा	179
भाविनि, कल्पाक्कम, तमिलनाडु	446
कुल	**11,118**

(ख) व (ग) हां। सभी नाभिकीय विद्युत संयंत्रों में, संयंत्र के विभिन्न भागों में उनके कार्यों के आधार पर मानक प्रचालन प्रक्रियाएं (एसओपी) हैं। इन एसओपी का उपयोगकर्ताओं द्वारा सख्ती से अनुपालन किया जाता है और उनके अनुपालन की जांच स्थापित प्रक्रियाओं के अनुसार की जाती है। इसके अलावा, प्रत्येक स्टेशन में एक स्टेशन प्रचालन समीक्षा समिति और वरिष्ठ तकनीकी लेखा-परीक्षा इंजीनियर होता है जो प्रचालन प्रक्रियाओं के अनुसार अनुपालन करने, उसकी जांच और निगरानी के लिए जिम्मेदार होते हैं। साथ ही प्रणाली विशेषज्ञों, आंतरिक कॉर्पोरेट ऑडिट और नियामक निरीक्षण (एईआरबी द्वारा) से युक्त निरीक्षण टीमें होती हैं, जिनके द्वारा आवधिक रूप से संबंधित निरीक्षण आयोजित किए जाते हैं।

(घ) वर्तमान में निर्माण/कमीशनन के विभिन्न चरणों में नौ नाभिकीय विद्युत रिएक्टर हैं। सितंबर 2024 तक, विभिन्न नौकरी अनुबंधों के तहत एनपीसीआईएल के प्रचालित स्टेशनों पर ठेकेदार के कुल 10,349 कर्मचारी लगे हुए थे। भाविनि में कुल 300 ठेका कर्मचारी कार्यरत हैं।

(ङ) नाभिकीय विद्युत संयंत्र औद्योगिक प्रतिष्ठानों और परमाणु ऊर्जा नियामक परिषद (एईआरबी) के विनियमों से संबंधित लागू सभी कानूनों का पालन करते हैं और इस प्रकार अपने कर्मचारियों को संरक्षित और अनुकूल कार्य वातावरण प्रदान करते हैं।

*****